परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय - 2, मुंबई

आवधिक परीक्षा - 2 (2023-2024)

कक्षा - पाँचवी विषय - हिंदी अंक - 40

नाम - --------------------------------- वर्ग - ---- अनुक्रमांक - ---- दिनांक - -------

हस्ताक्षर निरीक्षक - ----------- हस्ताक्षर परीक्षक - -------- प्राप्तांक - ----

----

प्र.१ दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो | (5)

थोड़ी देर में बर्फ़ पड़ने लगी | फिसलन बढ़ गई, चलना भी कठिन हो गया | एक तरफ़ थकान, ऊपर से सीधी चढ़ाई | तभी सामने एक बर्फ़ीला मैदान नज़र आया | चारों ओर हिम शिखरों से घिरा वह मैदान देवताओं के मुकुट के समान लग रहा था | प्रकृति की कैसी मनोहर छटा थीं आँखों और मन को तरोताज़ा कर गई | बस एक झलक दिखाकर बर्फ़ के धुंधलके में ओझल हो गई | दिन के बारह बजने वाले थे | सुबह चार बजे से लोग चढ़ाई कर रहे थे | शायद सोलह हज़ार फीट की ऊँचाई पर होंगे इस वक्त ..... अमरनाथ से भी ऊपर |

(क) बर्फ़ में चलना क्यों कठिन हो गया था ?

(ख) हिम शिखरों से घिरा मैदान कैसा लग रहा था ?

(ग)उलटे अर्थ वाले शब्द लिखो |

कठिन X ------------------------------------ सुबह X --

(घ) लोग कितने बजे से चढ़ाई कर रहे थे ?

(ङ) प्रकृति की छटा कैसी थी ?

प्र.2 निर्देशानुसार उत्तर लिखो |

(क) नीचे लिखे शब्दों को पढ़ो और दिए गए वाक्यों में ये शब्द भरो |(2)

(पटापट चकाचक फटाफट चटाचट झकाझक खटाखट चटपट

1. आँधी के कारण पेड़ से ------------------------ फल गिर रहे हैं |
2. हंसा अपना सारा काम ------------------------ कर लेती है |
3. उस भुक्खड़ ने ---------------------------- सारे लड्डू खा डाले |
4. सारे बर्तन धुलकर ------------------------ हो गए |

(ख) कौन-कौन सी चीजें तुम्हें बिलकुल बेकार लगती हैं ?(4)

1. पहनने की चीज़ें - ------------------------------- ---------------------------------
2. खाने-पीने की चीज़ें - ---------------------------------- -----------------------------------
3. करने के काम - --------------------------------- -----------------------------------
4. खेल - --------------------------------- ---

(ग) लिंग पहचानो |(1)

1. पुलिस की वर्दी - --------------------------- 2. उस जैसा महामूर्ख - -----------------------

(घ) खाली स्थानों में सही शब्द भरो |(2)

(के, में, की, को, का, ने, से)

कोको ----------- माँ ------------- कल दुकान ---------- एक गुलाबी रंग ------- का फूलदान खरीदा था |

प्र.3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो |(10)

1. तुम्हारे प्रांत में चावल का इस्तेमाल कैसे होता है ?

----

2. सलीम और आरिफ़ ने अम्मी के कौन-कौन से अधिकार छीने होंगे ?

3.अँधेर नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ?

4.बाघ दिनभर क्या-क्या करता होगा ?

5.मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने उन्हें महामूर्ख क्यों माना ?

प्र.4 नीचे लिखे देशों की मुद्राएँ कौन-सी हैं ?(2)

1. जापान - ------------------------------- 2. बांग्लादेश - ----------------------------------

3.फ्रांस - ----------------------------------- 4. इंग्लैंड - --------------------------------------

प्र.5 शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो |(4)

1. ऊलजलूल / चेतावनी - ---

----

2. खूँखार / समर्थन - --

प्र.6 'अंधेर नगरी' के बारे में कुछ वाक्य लिखो |(3)

(सड़कें, बाज़ार, राजा का राजकाज)

प्र.7 'भारी' विशेषण का अलग-अलग संज्ञाओं के साथ का अर्थ लिखो |(2)

1. भारी साड़ी - ---
2. भारी अटैची - ---
3. भारी काम - ---
4. भारी बारिश - ---

प्र.8 सुलेख लिखो |(5)

एक गाँव के पास से एक नदी बहती थी | नदी पर लकड़ी का संकरा पुल था | एक बार पुल के दोनों सिरों से दो बकरे चले | दोनों पुल के बीचोंबीच पहुँचे | पुल से एक बार में एक ही बकरा पार उतर सकता था | दोनों बकरे समझदार थे | एक बकरा नीचे बैठ गया | दूसरा बकरा उसके ऊपर से होकर दूसरी ओर चला गया | फिर पहला बकरा उठा | वह भी पुल पर से चला गया | दोनों बकरे पुल पार कर गए |